# इंद्रधनुष भाग-4

## 1. अक्षर ज्ञान

**इ. पूरा करें:-**

क. अक्षर ही ज्ञान है।

ख. पढ़ नहीं सकता।

ग. दुनिया का हाल ही।

घ. काम करो, सेवा करो।

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. मानव ज्ञान के बिना कैसा होता है?

मानव ज्ञान के बिना अधूरा ही होता है।

ख. साक्षर बनने से क्या मिलता है?

साक्षर बनने से खुशी ही खुशी मिलता है।

ग. युवकों को क्या करना चाहिए?

युवकों को निस्वार्थ भाव से आगे बढ़ कर काम करना चाहिए।

## 2. उचित न्याय

**ई. वचन बदलें:-**

घंटियाँ, गधे, रानियाँ, रस्सियाँ, कपड़े

**उ. किसने किससे कहा?**

क. "पता नहीं, किस पर मुसीबत आ पड़ी है"?

रानी ने राजा से कहा।

ख. "देखिए न! यह कितना कमज़ोर हो गया है"?

किसान ने राजा से कहा।



**ऊ. पाठ के आधार पर वाक्यों को पूरा करें:-**

क. राजा बड़े दयालु और धर्मिष्ठ थे।

ख. किले के सामने एक बड़ी घंटी टँगी थी।

ग. धोबी को दरबार में उपस्थित होने के लिए कहना।

**ऋ. उत्तर लिखें:-**

क. राजा के पास न्याय माँगने के लिए गधे के साथ गरीब किसान क्यों आया था?

किसान गधे की ओर से बोलने के लिए आया क्योंकि वह अपने दुख के बारे में बोल नहीं सकता।

ख. धोबी अपने गधे के साथ कैसा व्यवहार करता था?

धोबी अपने गधे को ठीक से खाना नहीं देता था। सिर पर ढ़ेर सारे कपड़े लादकर घाट पर ले जाता और पीटता भी था।

ग. गधे को धोबी ने घर से क्यों निकाल दिया?

गधा बूढ़ा और कमज़ोर हो जाने के कारण पहले की तरह काम नहीं करता था। इसलिए धोबी ने गधे को घर से निकाल दिया।

## 3. शाहजहाँ

**आ. बहुवचन शब्द लिखें:-**

इमारत - इमारतें
मोती - मोतियाँ
कब्र - कब्रें
पत्ती - पत्तियाँ
बगीचा - बगीचे
मीनार - मीनारें

**इ. लिंग रूप बदलकर लिखें:-**

बेगम - बादशाह
पुत्र - पुत्री
पति - पत्नी
भतीजी - भतीजा

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. शाहजहाँ के माता-पिता कौन थे?

शाहजहाँ की माता नूरजहान और पिता जहाँगीर थे।

ख. ताजमहल किसने बनवाया था और क्यों?

शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज़ महल की यादगार में ताजमहल बनवाया था।

ग. ताजमहल किस पत्थर का बना हुआ है?

ताजमहल श्वेत संगमर्मर का बना हुआ है।

घ. यह किस नदी के किनारे स्थित है?

यह यमुना नदी के किनारे स्थित है।

ङ. शाहजहाँ के शासन काल को किस नाम से पुकारते थे?

शाहजहाँ के शासन काल को मुगल साम्राज्य का 'स्वर्ण युग' के नाम से पुकारते थे।

## 4. नई किरणें

**इ. कविता को याद कर, रिक्त पंक्तियाँ लिखें:-**

क. प्रभात की नई किरणें हैं जो,

धरती पर पड़ी हैं चारों ओर,

ख. आओ, बच्चो! निद्रा छोड़कर

काम करना है, तुम्हें भविष्य के,

ग. हटाना दिल की थकावटों को,

बेला जो है सुख-दुखों का।

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. सूर्योदय का समय कैसा है?

सूर्योदय का समय मनमोहित और खुशियों का है।



ख. धरती के चारों ओर क्या बिखरा पड़ा है?

धरती के चारों ओर प्रभात की नई किरणें बिखरी पड़ी है।

ग. बच्चों को क्या करना चाहिए?

बच्चों को आलस्य छोड़कर काम करना चाहिए।

घ. नई किरणों के स्पर्शों से क्या होता है?

नई किरणों के स्पर्शों से दिल की थकावटें हटा सकते हैं।

## 5. मेरी कहानी

**आ. विलोम शब्द लिखें:-**

मित्र x शत्रु

पीछे x आगे

दुख x सुख

बाहर x अन्दर

भूख x प्यास

कोमल x कठोर

शाम x सुबह

खरीद x बेच

**इ. उत्तर लिखें:-**

क. जगन ने स्कूल से लौट कर माँ से क्या कहा?

जगन ने स्कूल से लौट कर माँ से भोजन केलिए कहा।

ख. थाली से उसने क्या सुना?

थाली से उसने एक धीमी आवाज़ सुनी।

ग. रोटी का जन्म कहाँ हुआ? उसका पालन पोषण कहाँ हुआ?

रोटी का जन्म एक हरे-भरे खेत में हुआ। उसका पालन - पोषण धरती की आँचल में हुआ।

## 6. फूलों की घाटी

**आ. विलोम शब्द लिखें:-**

अवर्णनीय x वर्णनीय

विख्यात x कुप्रसिद्ध

आकर्षक x अनाकर्षक   स्वर्ग x नरक

सुंदर x कुरूप   निर्माण x नाश

**इ. वाक्यों में प्रयोग करें:-**

क. मज़ा लूटनाः- पर्यटक हमेशा प्रकृति सौंदर्य का मज़ा लूटते हैं।

ख. प्रसिद्धः नई दिल्ली एक प्रसिद्ध शहर है।

ग. मनोरंजनः खिलौनेवाला बच्चों का मनोरंजन करते है।

**ई. सही या गलत वाक्य ढूँढ़कर लिखें:-**

क. सही, ख. गलत, ग. गलत, घ. सही

**उ. उत्तर लिखें:**

क. कश्मीर को 'पृथ्वी का स्वर्ग' क्यों कहते हैं?

कश्मीर अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए बहुत प्रसिद्ध है। इसलिए इसे 'पृथ्वी का स्वर्ग' कहते हैं।

ख. यहाँ की घाटियाँ कैसी है?

यहाँ की घाटियाँ सैकड़ों किस्म के फूलों से सजाया गया है।

ग. कश्मीर के 'शिकारे' क्यों प्रसिद्ध है?

शिकारे में बैठकर श्रीनगर की हर एक गलियों का भ्रमण कर सकते हैं। इसलिए कश्मीर के शिकारे प्रसिद्ध है।

घ. कश्मीर की कौन-सी गुफा मंदिर प्रसिद्ध है?

कश्मीर की अमरनाथ की गुफा मंदिर प्रसिद्ध है।

## 7. महान शिक्षक

**आ. विलोम शब्द लिखें:-**

सरल x कठिन   उच्च x नीच

आगे x पीछे   ज्ञानी x अज्ञानी

निस्वार्थ x स्वार्थ   भाग्य x निर्भाग्य



**इ. 'इक' प्रत्यय लगाएँ:-**

शरीर - शरीरिक   बुद्धि - बौद्धिक

मानस - मानसिक   सिद्धांत - सैद्धांतिक

दर्शन - दार्शनिक   इतिहास - ऐतिहासिक

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. भारत में 'शिक्षक दिवस' कब मनाते है?

भारत में 'शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष ५ सितंबर को मनाया जाता है।

ख. डॉ. राधाकृष्णन कैसे व्यक्ति थे?

डॉ. राधाकृष्णन बड़े ज्ञानि और दार्शनिक थे। वे भाग्य से बढ़कर कर्म में विश्वास रखनेवाले व्यक्ति थे।

ग. उनकी कुशलता के कारण वे किस पद पर नियुक्त किए गए?

उनकी कुशलता के कारण वे शिक्षक के स्तर से आगे बढ़ते हुए भारत के राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त किए गए।

घ. डॉ. राधाकृष्णन से हमें कैसी प्रेरणा मिलती है?

डॉ. राधाकृष्णन से हमें उच्च आदर्श, तपस्या और सादा जीवन की प्रेरणा मिलती है।

## 8. इंद्रधनुष

**इ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. श्याम गगन में चमके,<br>
बरसात में रंग लाए,

ख. सात रंग है जो इसमें,
इंद्रधनुष जो कहलाए।

ग. वर्णों का ये अनोखा मेला,
किसने रचा ये सुन्दर रूप?

घ. दिखाते ये खुद, मानव-
जीवन के रूपों को।

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. इंद्रधनुष किसे कहते है?
बरसात के समय आकाश में चमकने वाले सात रंगों के विचित्र मेल को इंद्रधनुष कहते हैं।

ख. इंद्रधनुष के कितने रंग होते हैं? क्या-क्या है?
इंद्रधनुष के सात रंग होते हैं। वे बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल है।

ग. ये क्या-क्या दिखाते हैं?
ये खुद मानव जीवन के अनेक रूपों को दिखाते हैं।

## 9. सच्ची मित्रता

**आ. लिंग बदलकर लिखें:-**

बूढ़ा - बूढ़ी
बेटा - बेटी
ठाकुर - ठकुराइन
आदमी - औरत

**इ. विलोम शब्द लिखें:-**

गाँव x शहर
अन्दर x बाहर
निर्धन x धनी
दुर्भाग्य x सौभाग्य
मूर्ख x होशियार
मित्रता x शत्रुता

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. माधव पढ़ने में कैसा था?
माधव पढ़ने में बिलकुल मूर्ख था।



ख. राघव क्यों गाँव छोड़कर शहर गया?
राघव के पिता का तबादला हो गया इसलिए राघव गाँव छोड़कर शहर गया।

ग. पढ़-लिखकर वह कौन बन गया?
पढ़-लिखकर राघव पुलीस अफ़सर बन गया।

घ. माधव पढ़ाई छोड़कर क्या करने लगा? क्यों?
माधव पढ़ने में मूर्ख होने के कारण, पढ़ाई छोड़कर खेती-बाड़ी करने लगा।

ङ. इस कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है?
इस कहानी से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें मुसीबत के समय हमें अपने मित्रों की मदद करनी चाहिए।

च. तेजा ने माधव को क्यों सताया?
तेजा बड़ा निकम्मा और निर्दयी था। इसलिए वह एक नेक किसान माधव को सताता था।

छ. तेजा कैसा व्यक्ति था?
तेजा बड़ा निकम्मा और निर्दयी व्यक्ति था।

## 10. दीपों का उत्सव

**उ. शब्द बनाएँ:-**

स्त - हिन्दुस्तान, समस्त
त्व - महत्व, अस्तित्व
त्य - त्योहार, त्याग
प्र - प्रकाश, प्रारंभ

**ऊ. उत्तर लिखें:-**

क. दीपों का उत्सव कैसे मनाया जाता है?
भारतीय, सामाजिक, सांकृतिक तथा धार्मिक परंपरा के अनुसार बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ दीपों का उत्सव मनाया जाता है।

ख. इस उत्सव से क्या संदेश मिलता है?

अंधकार पर प्रकाश की विजय का इस उत्सव से समाज में उल्लास, भाईचारे और प्रेम का संदेश मिलता है।

ग. यह किस पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है?

यह अयोध्या के राजा श्रीराम के जीवन कथा से जुड़ी हुई है। जब वे वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे तब अयोध्यावासी अपने परम प्रिय राजा के आगमन से आनन्दित होकर घी के दिए जलाए।

## 11. वन का रोदन

**इ. उत्तर लिखें:-**

क. मनुष्य ने अपने स्वार्थ वश क्या किया है?

मनुष्य ने अपने स्वार्थ वश अनेक पेड़-पौधों को काट डाला है ।

ख. वनों की कमी के कारण क्या होता है?

पेड़-पौधों को काटने के कारण, जलवायु में परिवर्तन हो गया इसलिए वनों की कमी हो गया।

ग. हमें कैसा दृढ़-संकल्प लेना है?

वन-संपत्ति का रक्षण करने का दृढ़ संकल्प हमें लेना चाहिए।

## 12. कंप्यूटर

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. आज का युग किसका युग है?

आज का युग वैज्ञानिक चमत्कारों का युग है।



ख. कंप्यूटर कैसा मशीन है?

कंप्यूटर एक ऐसा मशीन है जो मानव मस्तिष्क की उपज है। कठिन से कठिन गणित मिनटों में हल कर देते हैं।

ग. इसकी विशेषता क्या है?

लंबे-चौड़े आँकड़ों को व्यवस्थित करना इसकी विशेषता है।

घ. कंप्यूटर कितने अंगों में विभाजित किया है?

कंप्यूटर पाँच अंगों में विभाजित किया है।

ङ. कंप्यूटर कहाँ-कहाँ पर इस्तेमाल करते हैं?

रेलवे-स्टेशन, कार्यालय, बैंक, व्यवसाय में यह इस्तेमाल करते हैं।

## 13. नीम

**आ. विलोम शब्द लिखें:-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गुण | x | दोष | कड़वा | x | मीठा |
| निर्माण | x | नाश | हानि | x | लाभ |
| वरदान | x | अभिशाप | गाँव | x | शहर |

**इ. बहुवचन रूप लिखें:-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महिला | - | महिलाएँ | कोंपल | - | कोंपलें |
| पत्ती | - | पत्तियाँ | औषधि | - | औषधियाँ |
| निबौरी | - | निबौरियाँ | चीज़ | - | चीज़ें |

**ई. वाक्यों में प्रयोग करें:-**

संभावनाः- नीम के सेवन से बीमारी होने की संभावना नही होती है।

इस्तेमाल करनाः वर्षा के समय हम छतरी का इस्तेमाल करते है।

मौजूद होनाः नीम के पेड़ में कीटाणुनाशक गुण मौजूद होते है।

संरक्षण करनाः- हमें पेड़-पौधों का संरक्षण करना चाहिए।

**उ. उत्तर लिखें:-**

क. निबौरी किसे कहते हैं?
नीम के फलों को निबौरी कहते हैं।

ख. नीम का पेड़ किस प्रकार मनुष्य के लिए गुणकारी है?
नीम के भिन्न-भिन्न भागों से तैयार औषधिया वात रोग, श्वांसी, ज्वर आदि को दूर करने वाली और केश के लिए गुणकारी पायी गयी है।

ग. आयुर्वेद मताचारों की राय क्या है?
आयुर्वेद मताचारों की राय यह है कि नीम कटु, शीतल, व्रण और सूजन नाश करती है।

## 14. शांतिदूत सांताक्लोस

**आ. रिक्त स्थानों को पूरा करें:-**

क. क्रिसमस के दिन वच्चे इन्हें याद करते हैं।
ख. घर-घर में देवदार का पौधा सजाया जाता है।
ग. वे ईसा का संदेशवाहक और शांतिदूत भी हैं।
घ. विश्व के इतिहास में बेतलहम गाँव का खास महत्व है।

**इ. नीचे लिए ठीक वाक्यों के आगे (✓) और गलत वाक्यों के आगे (✗) चिह्न लगाएँ:-**

क. ✓  ख. ✗  ग. ✗  घ. ✓

**उ. उत्तर लिखें:-**

क. सांताक्लोस का असली नाम क्या है?
सांताक्लोस का असली नाम संत निकलसन है।

ख. सांताक्लोस कैसा व्यक्ति था?
सांताक्लोस बड़े दयालु और परोपकारी थे।

ग. ईसा मसीहा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
ईसा मसीहा का जन्म, पच्चीस दिसंबर को येरुसलम के बेतलहम नामक गाँव में हुआ था।



घ. ईसाई लोग क्रिसमस कैसे मनाते हैं?
ईसाई लोग क्रिसमस अत्यन्त उल्लास और आनन्द के साथ मनाया जाता है।

ङ. सांताक्लोस हर साल क्यों आता हैं?
दुनिया में सुख और शांति का संदेश फैलाने के लिए सांताक्लोस हर साल आता है।

च. ईसा के माता-पिता कौन थे?
ईसा के माता-पिता मेरी और जोसफ थे।

## 15. अलकनंदा

**इ. इन पंक्चियों को पूरा करें:-**

क. हिम-शिखरों से निकली,
कल-कल रव बहाती,
वर्ण धाराएँ लहराती,
निर्मल स्वच्छ गंगा हमारी।

ख. जुड़ी हुई है इसमें ही,
काव्यात्मक प्रेरणाओं की,
आशाओं आशंकाओं की,
विजय-पराजयों की

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. गंगा नदी कहाँ से निकलती हैं?
गंगा नदी हिम-शिखरों से निकलती है।

ख. गंगा को किन-किन नामों से पुकारते हैं?
गंगा को अलकनंदा, मंदाकिनी, स्वर्ग-गंगा, भगीरथी आदि अनेक नामों से पुकारते हैं।

ग. ये हमें क्या-क्या याद कराती है?

ये हमें प्राचीन परंपराओं, पौराणिक सभ्यताओं और भावात्मक स्मृतियों की याद कराती है।

## 16. नारियल के रेशे

**इ. वाक्यों में प्रयोग करें:-**

तैयार करना: माताजी बच्चों को सुबह स्कूल जाने केलिए तैयार करते हैं।

काम में आना: मुसीबत का समय सच्चे मित्र काम में आते हैं।

रोज़गार: कुटीर उद्योग में अनेक लोगों को रोज़गार मिलते हैं।

लोकप्रिय: आजकल नारियल की रस्सियाँ लोकप्रिय हैं।

**ई. वाक्य पूरा करें:-**

क. कुटीर

ख. नारियल

ग. रेशे

घ. बहुमूल्य

ङ. रस्सियाँ

**उ. उत्तर लिखें:-**

क. नारियल का उत्पादन करने वाले प्रमुख प्रान्त कौन-कौन से हैं ?

नारियल का उत्पादन करने वाले प्रमुख प्रान्त उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और केरल हैं।

ख. नारियल के रेशे से क्या-क्या बनाते हैं?

नारियल के रेशे से रस्सियाँ, चटाइयाँ और गलीचे बनाते हैं।

ग. नारियल को 'कल्पतरु' क्यों कहते हैं?

नारियल के पेड़ का हर हिस्सा किसी न किसी काम में आता है। इसलिए नारियल को 'कल्पतरु' कहते हैं।



घ. केरल की उत्पत्ति कैसे हुई?

मलयालम में नारियल को 'केरा' कहते है। केरा शब्द से केरल की उत्पत्ति हुई है।

## 17. भीम और बकासुर

**इ. दो-दो शब्द बनाएँ:-**

व्य - व्यवहार, व्यक्ति

ह्म - ब्रह्मा, ब्राह्मण

श्व - ईश्वर, विश्वास

**ई. अलग करें:-**

वन + वास    शक्ति + शाली    बल + वान    धन + वान

**उ. मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें:**

खुशी का ठिकाना - रामू को नई घड़ी मिली तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा।

आश्चर्य चकित हाना - जादूगर का जादू देखकर मैं आश्चर्य चकित हो गया।

**ऊ. किसने किससे कहा?**

क. "कृपा कर बताइए कि आप सब क्यों रो रहे हैं"?

कुंती ने ब्राह्मण की पत्नी से कहा।

ख. "भीम ज़रूर उसे मार कर आएगा"।

कुंती ने ब्राह्मण की पत्नी से कहा।

ग. "तुम कौन हो? यह मेरा खाना किसने खाया"।

बकासुर ने भीम से पूछा।

**ऋ. उत्तर लिखें:-**

क. कौरव और पांडव कौन थे?

धृतराष्ट्र के सौ पुत्र कौरव और पांडु के पाँच पुत्र पांडव थे।

ख. युधिष्ठिर कौन था?

युधिष्ठिर पाडु का सबसे बड़ा पुत्र था।

ग. वनवास के दिनों पांडव कहाँ ठहरे थे?

वनवास के दिन पांडव एकचक्रा नामक एक गाँव में एक ब्राह्मण के घर ठहरे थे।

घ. भीम बकासुर के पास क्या-क्या लेकर गया?

भीम बकासुर के पास गाड़ी भर फल, दूध, रोटी सब्जी, मिठाइयाँ, खीर आदि लेकर गया।

ङ. बकासुर का वध किसने किया?

बकासुर का वध भीम ने किया।

## 18. हमारा कर्तव्य

**इ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. कर्तव्य ख. झेलना ग. विद्या घ. सच्चे

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. हमें पेड़-पौधों या झरनों से क्या सीखना चाहिए?

हमें पेड़-पौधों या झरनों से परोपकार का पाठ सीखना चाहिए।

ख. सेवा करनेवाले को क्या-क्या प्राप्त होता है?

सेवा करनेवाले को विद्या, कीर्ति और आशिष प्राप्त होता है।

ग. हमें अपना कर्तव्य कैसे निभाना है?

हमें अपना कर्तव्य सदा खुशी से निभाना है ।

घ. इस कविता से हमें क्या संदेश मिलता है?

इस कविता से हमें यह संदेश मिलता है कि हमारा कर्तव्य सच्चे दिल से दूसरों की सेवा करना है।



## 19. भारतीय संस्कृति

**इ. वाक्य पूरा करें:-**

क. हमारी संस्कृति का मूलाधार अहिंसा तत्व पर आधारित है।

ख. भारत की सभी भाषाओं में भी सांस्कृतिक एकता है।

ग. भाषा की दृष्टि से भी यह समानता देखी जा सकती है।

घ. भारतीय संस्कृति बहुत पुरानी है।

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. भारत को "मानव महासमुद्र" क्यों कहा गया है?

भारत को 'मानव महासमुद्र' कहा गया है क्योंकि यहाँ कई प्रकार की विभिन्नताएँ हैं।

ख. हमें अमरत्व प्रदान करनेवाली बात क्या है?

हमारी संस्कृति को सत्य और अहिंसा ने अमरत्व प्रदान किया है।

ग. हमारा कर्तव्य क्या है?

हमारा कर्तव्य यह है कि हम आपस में न लड़ें, एकता से रहें तथा सभी धर्मों का आदर करें।

## 20. डॉ. एनी बेसेंट

**आ. संज्ञा शब्द से विशेषण:-**

विज्ञान - वैज्ञानिक

समाज - सामाजिक

सप्ताह - साप्ताहिक

भारत - भारतीय

**इ. दो-दो शब्द बनाएँ:-**

स्थ - स्थान, स्थापना

स्व - स्वागत, स्वभाव

ष्ट - कष्ट, इष्ट

श्व - विश्व, ईश्वर

न्द - आन्दोलन, बन्दर

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. डॉ. एनी बेसेंट का जन्म कब और कहाँ हुआ?

डॉ. एनी बेसेंट का जन्म 1 अक्तूबर सन् 1847 में इंग्लैंड में हुआ था।

ख. उन्होंने अपना सारा जीवन कैसे बिताया?

उन्होंने अपना सारा जीवन मानव सेवा के लिए बिताया।

ग. कलकत्ता अधिवेशन में उनको क्यों निमंत्रण मिला?

उनकी विशिष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें कलकत्ता अधिवेशन में निमंत्रण मिला।

घ. एनी बेसेंट की मृत्यु कब हुई?

एनी बेसेंट की मृत्यु 21 सितंबर सन् 1933 में हुई।

## 21. मामल्लपुरम

**आ. विपरीतार्थक शब्द लिखें:-**

| | |
|---|---|
| प्राचीन x नवीन | विदेशी x स्वदेशी |
| उन्नति x अवनति | दुर्लभ x सुलभ |
| शांति x अशांति | सुंदर x कुरूप |

**इ. लिंग बदलें:-**

| | |
|---|---|
| देवी - देव | राजा - रानी |
| पत्नी - पति | आदमी - औरत |

**ई. इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करें:-**

उत्कृष्ट:- ताजमहल मुगल साम्राज्य का उत्कृष्ट नमूना है।



अंकित करना: मंदिरों के दीवारों पर अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियाँ अंकित किया हैं।

महत्वपूर्ण: कलाप्रेमियों के लिए मामल्लपुरम एक महत्वपूर्ण स्थान है।

स्थित: ताजमहल यमुना नदी के किनारे पर स्थित है।

**उ. उत्तर लिखें:-**

क. यह प्रदेश का नाम "मामल्लपुरम" क्यों पड़ा?

पल्लव राजाओं की पदवी "मामल्ल" हुआ करती थी इसलिए इस प्रदेश का नाम मामल्लपुरम पड़ा।

ख. यहाँ किसने मंदिर बनवाया?

यहाँ पल्लवराज नृसिंह वर्मन ने मंदिर बनवाया।

ग. मामल्लपुरम किस के लिए प्रसिद्ध है?

मामल्लपुरम अपने अलौकिक शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं।

घ. यह किसका प्रतीक है?

यह हमारे देश की धार्मिक, सांस्कृतिक मैत्री का प्रतीक है।

# इंद्रधनुष भाग-4 (Workbook Answers)

## 1. अक्षर ज्ञान

**अ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. अक्षर ही ब्रह्मा है,
अक्षर ही ज्ञान है।
बिना ज्ञान, मानव
अधूरा ही होता है।

ख. दुखी होता है जो,
पढ़ नहीं सकता,
दुनिया का हाल ही
नहीं जान सकता।

ग. साक्षर बने रहो, तुम!
मिले खुशी ही खुशी।
भेद-भाव नहीं इसमें,
बड़े-बूढ़े भी तो पढ़ें।

घ. युवकों ! आगे बढ़ो, तुम,
पढ़ाओ, निस्वार्थ भाव से,
काम करो, सेवा करो,
भूल न जाना ये बातें।

**आ. इस कविता से क्या संदेश मिलता है ?**

इस कविता से यह संदेश मिलता है कि अक्षर ब्रह्मा और ज्ञान है। इसके बिना मानव जीवन अधूरा होता है।

**इ. साक्षरता के बारे में पाँच वाक्य लिखें:-**

साक्षरता में केरल का स्थान सर्वप्रथम आता है। अन्य प्रान्तों की



अपेक्षा केरल के लोग बड़े उत्साही और शिक्षा के क्षेत्र में उत्सुक है। साक्षर रहने से हमें खुशी मिलते हैं।

**ई. विपरीत अर्थवाले शब्द लिखें:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज्ञान x अज्ञान | | दुखी x सुखी | |
| निस्वार्थ x स्वार्थ | | खुशी x उदास | |
| पूर्ण x अपूर्ण | | बड़ा x छोटा | |

## 2. उचित न्याय

**आ. भिन्न अर्थ वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचे:-**

क. घंटी, ख. किसान, ग. गधा, घ. कुछ, ङ. राज्य, च. समय

**इ. किसने किससे कहा ?**

क. रानी ने राजा से कहा। ग. राजा ने धोबी से कहा।
ख. मंत्री ने किसान से कहा।

## 3. शाहजहाँ

**अ. इस पाठ में आए हुए ऐसे संज्ञा शब्द चुनकर लिखो जो किसी व्यक्ति अथवा स्थान के नाम हो:-**

क. व्यक्ति -शाहजहाँ, जहाँगीर, नूरजहान, मुमताज़महल
ख. स्थान -दिल्ली, आगरा, लाहौर, कश्मीर

**आ. उदाहरण के अनुसार लिखें:-**

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| सुन्दर | मकबरा |
| विशाल | चबूतरा |
| ऊँची | मीनारें |
| बहुमूल्य | रत्न |

**ई. पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द ढूँढ़कर जोड़ा बनाकर लिखें:**

लड़की - लड़का, पुत्री - पुत्र, पत्नी - पति,

भतीजी - भतीजा, बूढ़ी - बूढ़ा

**उ. ताजमहल का चित्र बनाएँ:**

Children to do this exercise.

## 4. नई किरणें

**अ. इस कविता का मुख्य भाव अपने शब्दों में स्पष्ट करें:-**

हमें अपना आलस्य छोड़कर, थकावटों को हटाकर, कुछ काम कर दिखाना है।

**आ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. मन को मोहित करनेवाला।

ख. आओ बच्चो! निद्रा छोड़कर

ग. भरना है मन मृदु भावों से,

घ. हटाना दिल की थकावटों को,

**इ. इन शब्दों के अर्थ लिखें:-**

| | | |
|---|---|---|
| किरण - रश्मी | निद्रा - नींद | प्रभात - सुबह |
| निराला - विचित्र | दिल - हृदय | बेला - समय |

**ई. सूर्योदय से संबंधित कोई अन्य कविता याद कर लिखें:-**

सूरज की किरणें आती हैं
सारी कलियाँ खिल जाती हैं
अंधकार सब खो जाता है
सब जग सुंदर हो जाता है।
सुबह भली लगती है उनको
मेहनत प्यारी लगती जिनको।।



**उ. सूर्योदय का चित्र बनाकर रंग भरें:-**

Children to do this exercise.

## 5. मेरी कहानी

**अ. किसने कहा? किससे कहा? सही शीर्षक के नीचे लिखें:-**

क. रोटी ने जगन से कहा। ख. माँ ने जगन से कहा।

ग. रोटी ने जगन से कहा।

**आ. समानार्थक शब्द लिखें:-**

आराम - चैन, दाना - अनाज, चमक - प्रकाश, करुणा - दया, भोजन - खाना, आवाज़ - ध्वनि, धरती - पृथ्वी, संसार - जग

**इ. 'क' वर्ग शब्दों का 'ख' वर्ग में से विपरीत अर्थवाला शब्द ढूँढें:-**

| | | |
|---|---|---|
| छोटा x बड़ा | कोमल x कठोर | बहुत x कम |
| ज्ञान x अज्ञान | साफ़ x गंदा | सुख x दुख |
| जीवन x मरण | | |

**ई. एक-एक वाक्य पढ़िए। वाक्य के अनुसार खाली जगह में बाईं ओर लिखे सही शब्द चुनकर पूरा करें:-**

क. खेत, ख. आवाज़, ग. किसान, घ. दोपहर, ङ. गेहूँ, च. भूख

## 6. फूलों की घाटी

**अ. उत्तर लिखें:-**

**क. कश्मीर को 'पृथ्वी का स्वर्ग' क्यों कहा है?**

कश्मीर की प्रकृति, आकाश की नीलिमा, कल रव करती हुई झरना, चिड़ियों की चहक आदि देख कर इसे पृथ्वी का स्वर्ग कहा गया है।

**ख. फूलों की घाटी का वर्णन कीजिए।**

फूलों की घाटी में सैकड़ों किस्म के फूल, पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। फूलों से सजाये हुए यहाँ की घाटियाँ हमें प्रकृति की

ओर खींच लाती हैं। वास्तव में यह कुदरत की देन है, ईश्वर ही बना सकता है।

**आ. रेखांकित शब्द का विपरीत अर्थवाला शब्द खाली जगह में लिखें:-**

क. अनाकर्षक ख. नरक ग. सरल घ. नाश

**इ. शब्द लिखें:-**

ख्य - विख्यात, ख्याति, कुख्यात
त्त - पत्ता, कुत्ता, वृत्तांत
प्र - प्रभात, प्रसिद्ध, प्रयत्न
त्य - त्याग, नित्य, प्रत्यक्ष
स्व - स्वभाव, स्वच्छ, स्वर्ग

**ई. कश्मीर की प्राकृतिक सौंदर्य का चित्र खींचकर रंग भरिए:-**

Children to do this exercise.

## 7. महान शिक्षक

**अ. डॉ. एस. राधाकृष्णन की जीवनी से संबंधित कुछ बातें लिखें:-**

जन्म — डॉ. एस. राधाकृष्णन का जन्म पाँच सितंबर को हुआ था।

चरित्र — वे बडे कुशल और ज्ञानी व्यक्ति थे।

नौकरी — पहले वे मैसूर के महाराजा कालेज में प्रोफेसर, फिर बनारस के हिन्दु विश्वविद्यालय के उपकुलपति, भारत के राष्ट्रपति।

प्रतिभा — दर्शन, शिक्षा, राजनीति आदि क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी।

दर्शन — प्रसिद्ध दार्शनिक थे। 'भारतीय दर्शन-शास्त्र का इतिहास' नामक एक ग्रंथ लिखा।

प्रेरणा — देश के प्रत्येक नागरिक को उनके उच्च आदर्श, तपस्या और सादा-जीवन से प्रेरणा मिलती है।

**आ. उत्तर लिखें:-**

क. भारत में 'शिक्षक दिवस' क्यों मनाते हैं?
डॉ. एस. राधाकृष्णन की प्रेरणा से उनका जन्म-दिन 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाते है। क्योंकि वे महान शिक्षक थे।



ख. 'शिक्षा का मनुष्य जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है' क्यों?
क्योंकि शिक्षा हर एक बच्चे के मानसिक, बौद्धिक और शरीरिक विकास का उत्तम माध्यम है।

ग. इस पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?
इस पाठ से हमें यह सीख मिलती है कि शिक्षकों को अपने दायित्व और विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए।

**इ. नीचे लिखे शब्दों के उदाहरण के अनुसार 'प्रत्यय' जोड़कर लिखें:-**

दर्शन - दर्शनीय, भारत - भारतीय, स्वर्ग - स्वर्गीय,
सिद्धांत - सैद्धांतिक, धर्म - धार्मिक, शरीर - शारीरिक

**ई. सही वाक्यों पर (✓) चिह्न और गलत वाक्यों पर (✗) चिह्न लगाएँ:-**

क. ✓ ख. ✗ ग. ✗ घ. ✓ ङ. ✓

**उ. रेखा खींचकर जोडें:-**

महात्मा गाँधीजी - बापू, जवाहरलाल नेहरू - चाचा,
डॉ. एस. राधाकृष्णन - दार्शनिक, सुभाष चंद्र बोस - नेताजी,
खान अब्दुल गाफर खान - सीमा गाँधी

## 8. इंद्रधनुष

**अ. उत्तर लिखें:-**

क. इंद्रधनुष किसे कहते है?
गगन में बरसात के समय सात रंग लाने वाले को इंद्रधनुष कहते है।

ख. इंद्रधनुष के कितने रंग होते हैं?
इंद्रधनुष के सात रंग होते हैं - बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल।

**आ. वर्ग पहेली से नीचे लिखे शब्द के लिए सही समान अर्थवाला शब्द चुनकर, खाली जगह पर लिखें:-**

बरसात - वर्षा, धनुष - कमान, प्रभात - सुबह, अनोखा - विचित्र, गगन - आकाश, रूप - आकार

**इ. इंद्रधनुष का चित्र खींचकर रंगों की दुनिया बनाएँ:-**

Children to do this exercise.

## 9. सच्ची मित्रता

**अ. सच्ची मित्रता नामक कहानी से हमें क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए:-**

मुसीबत के समय हमें अपने मित्रों की मदद करनी चाहिए। यही संदेश सच्ची मित्रता नामक कहानी से मिलता है।

**आ. रेखा खींचकर जोड़ें:-**

राघव - ईमानदार अफ़सर, माधव - बेकसूर किसान,
शिवपाल सिंह - बूढ़ा ज़मीनदार, तेजा सिंह - क्रूर आदमी

**इ. नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें:-**

क. भरती करना - शहर के अच्छे स्कूलों में बच्चों को भरती करना कठिन है।
ख. होशियार - श्याम एक होशियार लड़का है।
ग. बीमारी - बीमारी की वजह से राजू की माँ चल नहीं पाती थी।
घ. बेकसूर - राघव बेकसूर गरीब किसान है।

**ई. विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाकर लिखें:- (विशेषण शब्दों के अंत में 'ता' लगाकर भाववाचक संज्ञा बनाया जा सकता है।)**

| | | |
|---|---|---|
| प्रसन्न - प्रसन्नता | मित्र - मित्रता | सुंदर - सुंदरता |
| कुशल - कुशलता | मनुष्य - मनुष्यता | निर्मल - निर्मलता |



**उ. कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें:-**

क. मूर्ख ख. निर्दयी ग. झोंपड़ी
घ. अफ़सर ङ. बचपन

## 10. दीपों का उत्सव

**अ. उत्तर लिखें:-**

**क. दीपावली के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।**

दीपावली का अर्थ है दीपों की आवली अथवा दीपों का उत्सव। यह पर्व शरद ऋतु में कार्तिक मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। यह त्योहार समाज में उल्लास, भाई चारे और प्रेम का संदेश फैलाता है।

**ख. भारत के अन्य त्योहारों के नाम लिखिए।**

दशहरा, क्रिसमस, ईद, होली, ओणम।

**आ. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें:-**

त्योहार - भारत में अनेक धर्मों के त्योहार बड़े उत्साह से मनाए जाते हैं।
उल्लासपूर्ण - लोग हर त्योहार उल्लासपूर्ण ढ़ंग से मनाते हैं।
पवित्रता - हमें दीपावली का पर्व बड़ी श्रद्धा और पवित्रता से मनाना चाहिए।
तैयारियाँ - घर-घर त्योहार की तैयारियाँ पहले से ही शुरू करते हैं।

**इ. खाली स्थान भरें:-**

क. श्रद्धा और पवित्रता ख. प्रकाश, ज्ञान
ग. आनन्दित घ. हर्षोल्लास

**ई. रेखा खींचकर जोडें:-**

रंगों का त्योहार - होली फूलों का त्योहार - ओणम
दीपों का त्योहार - दीपावली तारों का त्योहार - क्रिसमस

**उ. दीपावली से संबंधित एक चित्र बनाएँ:-**

Children to do this exercise.

## 11. वन का रोदन

**अ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. मनुष्य ने स्वार्थ वश काटा है,
बहुत से पौधों एवं पेड़ों को
जलवायु भी परिवर्तित हुआ,
वनों की कमी के कारण।

ख. ऊसर हो जाती है यह धरती
बेजान हो जाती है, ये सदा।
वन न हो तो इस दुनिया में
वर्षा कम हो जाती है हर वर्ष

ग. दृढ़ संकल्प आज ये लेना है,
पेड़ लगाओ, हर कोने में,
होने दे प्रकृति को हरी भरी!!
रक्षण करो वन-संपत्ति का।।

**आ. वर्ग पहेली से नीचे लिखे शब्द के लिए सही समान अर्थवाला शब्द चुनकर, खाली जगह पर लिखें:-**

प्रकृति - कुदरत

| | |
|---|---|
| वर्षा - बरसात | मनुष्य - मानव |
| भूमि - धरती | दुनिया - संसार |
| पवन - वायु | वन - कानन |

**इ. कविता के आधार पर चित्र बनाएँ:-**

Children to do this exercise.



## 12. कंप्यूटर

**अ. आधुनिक युग में कंप्यूटर हमारे जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। समझाएँ:-**

आज का युग वैज्ञानिक चमत्कारों का युग है। विज्ञान के क्षेत्र में कंप्यूटर एक महत्वपूर्ण कमाल है। कंप्यूटर एक ऐसा यंत्र है जो मानव मस्तिष्क की उपज है। लंबे - चौड़े आँकड़ों को व्यवस्थित करना इसकी विशेषता है। यह शिक्षा का अनिवार्य अंग बन गया हैं। जो कार्य मनुष्य घंटों में करता था, वह अब पल भर में संभव है। इंटरनेट सुविधाओं के द्वारा विश्व के किसी भी कोने में घटने वाली खबरें कुछ ही क्षणों में मिल सकती है।

**आ. इन शब्दों के अर्थ लिखें:-**

चमत्कार- कमाल, योगदान - देन, चिराग - दीपक,
सराहनीय - प्रशंसनीय, विश्व - दुनिया, शिक्षा - पढ़ाई

**इ. सही शब्द ढूँढ़कर वाक्यों को पूरा करें:-**

क. मस्तिष्क, ख. कंप्यूटर, ग. सराहनीय, घ. संभव, ङ. आँकड़ों

**ई. कंप्यूटर का चित्र खींचकर भागों को अंकित कर लिखें:-**

Children to do this exercise.

## 13. नीम

**अ. उत्तर लिखें:-**

**क. नीम का पेड़ किस प्रकार मनुष्य के लिए गुणकारी है?**

नीम से अनेक रोगों की दवा प्राप्त होती है। इसकी पत्तियाँ, छाल, लकडी, फूल-फल औषधियुक्त होती है। यह अत्यन्त गुणकारी पेड़ है।

ख. **नीम का पेड़ लगाएँ तो प्रदूषण जैसे भयंकर समस्या से छुटकार पा सकेंगे - क्यों?**
नीम का पेड़ लगाएँ तो प्रदूषण जैसे भयंकर समस्या से छुटकारा पा सकेंगे क्योंकि यह प्रदूषित वातावरण को शुद्ध कर देती है।

**आ. इन शब्दों के बहुवचन शब्द लिखें:-**
महिला - महिलाएँ, पत्ती - पत्तियाँ, कोंपल - कोंपलें,
निबौरी - निबौरियाँ, औषधि - औषधियाँ, चीज़ - चीज़ें

**इ. प्रत्येक पंक्ति में लिखे शब्दों में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखें:-**
वैज्ञानिक, अनुसंधान, समस्या, प्रदूषित, संरक्षण, छुटकारा

**ई. नीचे लिखे वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलें:-**
क. नीम के फलों को निबौरी कहते हैं।
नीम के फलों को क्या कहते हैं?
ख. नीम से अनेक रोगों की दवा प्राप्त होती है।
नीम से क्या प्राप्त होती हैं?
ग. इसका हर भाग कड़वा होता हैं।
इसका हर भाग कैसा होता?
घ. अनेक वैज्ञानिकों ने नीम की उन्नत विकास के लिए अनुसंधान किया है।
अनेक वैज्ञानिकों ने क्या किया है?
ङ. हमें अपने घर के आँगन में नीम का पेड़ लगाना चाहिए।
नीम का पेड़ कहाँ लगाना चाहिए?

**उ. नीम के पेड़ का चित्र खींचकर हर भाग का नाम लिखें:-**
Children to do this exercise.



## 14. शांतिदूत सांताक्लोस

**अ. उत्तर लिखें:-**
क. सांताक्लोस देखने में कैसा है?
सांताक्लोस हमेशा लाल रंग का चोगा, सिर पर लाल रंग की टोपी पहननेवाला, लंबी सफ़ेद और रेशम जैसी दाढ़ीवाला होता है।
ख. 'क्रिसमस ट्री' किसे कहते है?
देवदार का पौधा जिसमें रंग-बिरंगे चमकीले पन्नें, सुनहरे तारों और गुब्बारों से सजानेवाले ट्री को 'क्रिसमस ट्री' कहते है।
ग. सांताक्लोस का लक्ष्य क्या है?
प्रेम, मैत्री और एकता स्थापित करके हमें अपने जीवन को महान बनाना चाहिए - यही सांताक्लोस का लक्ष्य है।

**आ. नीचे लिखे शब्दांशों के लिए एक शब्द बनाएँ:-**
क. शिक्षक ख. दर्शनीय ग. दयालु घ. वैज्ञानिक
ङ. उपकारी च. ऐतिहासिक छ. चित्रकार

**इ. रिक्त स्नानों को पूरा करें:-**
क. सांताक्लोस ख. परोपकारी ग. जन्म घ. देवदार

**ई. 'क्रिसमस ट्री' का चित्र बनाकर रंग भरें:-**
Children to do this exercise.

## 15. अलकनंदा

**अ. गंगा अथवा अलकनंदा कहाँ से निकलती है ?**
गंगा अथवा अलकनंदा हिम-शिखरों से कल-कल रव करती हुई निकलती है।

**आ. गंगा के बारे में कोई अन्य कविता ढूँढ़कर लिखें:-**

गंगा, यमुना, गोदावरी, इनमें
नदियों की रानी है गंगा
पुण्य नदी है यह भारत का
पवित्र जल बहती है इसमें
नमन करना है हमें सदा।

**इ. प्रत्येक पंक्ति में जो शब्द अलग है उसपर घेरा लगाएँ:-**

सागर, पराजय, नाच, फल, पत्ता, दुनिया

**ई. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. गंगा! पुकारती है तुम्हें,
अनेक नाम-रूपों से,
अलकनंदा, मंदाकिनी
स्वर्ग - गंगा, भगीरथी।

ख. याद कराती है ये सदा,
प्राचीन परंपराओं की
पौराणिक सभ्यताओं की,
भावात्मक स्मृतियों की।

## 16. नारियल के रेशे

**अ. नारियल को कल्पतरू क्यों कहते है?**

नारियल के वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी काम में आता है। इसलिए इसे कल्पतरु कहते हैं।

**आ. मूल शब्दों से अन्य शब्द लिखें:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मान | अभिमान | सम्मान | अपमान |
| वीर | वीरांगना | वीर स्त्री | वीरोचित |
| शिक्षा | शिक्षक | अशिक्षा | शिक्षार्थी |
| देश | विदेश | देशीय | देशभक्त |
| बल | बलवान | बलवती | बलपूर्वक |

**इ. नीचे दिए गए दायरे से लिखे शब्दों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ती करें:**

क. नारियल ख. भारत ग. रस्सियाँ,
घ. रोज़गार ङ. रेशे च. बहुमूल्य

**ई. नारियल के पेड़ का चित्र बनाकर रंग भरें:-**

Children to do this exercise.

## 17. भीम और बकासुर

**अ. समानार्थक शब्द लिखें:-**

युद्ध -रण सहायता - मदद प्रसिद्ध - मशहूर
विश्वास - भरोसा मेहमान - अतिथि संकट - मुसीबत

**आ. मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग करें:-**

क. खुशी का ठिकाना न रहना - कक्षा में प्रथम आने पर मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

ख. आश्चर्य चकित होना - जादू का खेल देखकर मैं आश्चर्य चकित हो गया।

**इ. किसने किससे कहा?**

क. कुंती ने ब्राह्मण की पत्नी से कहा।

ख. बकासुर ने भीम से कहा।

**ई. उत्तर लिखें:-**

क. वनवास के समय पांडव एकचक्रा नामक गाँव में ठहरे थे।

ख. बकासुर का वध भीम ने किया।

## 18. हमारा कर्तव्य

**अ. उत्तर लिखें:-**

**क. इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?**

हमें अपने कर्तव्यों को सदा खुशी से निभाना है, यही शिक्षा इस कविता से मिलती है।

**ख. हमें अपना कर्तव्य कैसे निभाना चाहिए:-**

अच्छे-अच्छे काम करके, माता-पिता तथा गुरुजनों की सेवा करके, पीड़ित जनों का उपकार करके हमें अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।

**आ. इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें:-**

धन - संपत्ति, ऐश्वर्य

कीर्ति - यश, प्रसिद्धि

शिक्षा - पढ़ाई, अध्ययन

पेड़ - वृक्ष, तरु

**इ. इन पंक्तियों को पूरा करें:-**

क. सेवा, कर्तव्य

ख. झेलना, भंडार

ग. आदर, विद्या

घ. झरनों, पेड़-पौधों

ङ. पाठ

च. खुशी

छ. भूल, बातों

**ई. परोपकार के बारे में पाँच वाक्य लिखें:-**

हमें सदा परोपकार करते रहना चाहिए। परोपकार का मतलब है दूसरों की मदद करना। उदाहरण के लिए पेड़ अपना फल नहीं खाता है, सरोवर अपना पानी नहीं पीता। दूसरों की भलाई के लिए हमें प्रयत्न करना चाहिए।



## 19. भारतीय संस्कृति

**अ. उत्तर लिखें:-**

**क. भारत को 'मानव महासमुद्र' क्यों कहते है?**

भारत में कई प्रकार की विभिन्नताएँ होने के कारण इसे 'मानव महासमुद्र' कहते है।

**ख. हमारी संस्कृति का मूलाधार किस तत्व पर आधारित है?**

हमारी संस्कृति का मूलाधार अहिंसा तत्व पर आधारित है।

**आ. संयुक्त व्यंजनों से नए शब्द लिखें:-**

त् + य —> त्य —> साहित्य

स् + व —> स्व —> सर्वस्व

ध् + य —> ध्य —> आध्यात्मिक

क् + त —> क्त —> वक्त

**इ. समझकर लिखें:- (बाईं ओर लिखें शब्दों में 'अ' जोड़ना)**

सुविधा x असुविधा

हिंसा x अहिंसा

विश्वास x अविश्वास

साधारण x असाधारण

धर्म x अधर्म

सत्य x असत्य

**ई. भारतीय संस्कृति के बारे में एक लेख लिखें:-**

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में एक है। शताब्दियों से यहाँ के लोग भिन्न-भिन्न धार्मिक संप्रदायों को मानते हुए साथ-साथ रहते हैं। भारतीय संस्कृति बहुत पुरानी है। इसमें मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति को महत्व दिया गया है।

## 20. डॉ. एनी बेसेंट

**उ. उत्तर लिखेंः-**

क. निम्नलिखित शीर्षकों की सहायता से डॉ. एनी बेसेंट के बारे में लिखिऐंः-

जन्म - 1, अक्तूबर सन् 1847 में इंग्लैंड में हुआ था।
प्रारंभिक शिक्षा - उनकी प्रारंभिक शिक्षा इंग्लैंड पर हुई।
कार्य - समाज सेवा, थियोसोफिकल सोसाइटी की अध्यक्षा।
मृत्यु - 21, सितंबर सन् 1933 को उनका देहान्त हुआ।

ख. भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिएः-

पंडित मदन मोहन मालवीय, गोपालकृष्ण गोखले, रानी लक्ष्मी बाई, बाल गंगाधर तिलक आदि थे।

**आ. इन शब्दों को शुद्ध करके लिखेंः-**

करमशील -कर्मशील, निमनत्रण -निमन्त्रण, अन्वेशण - अन्वेषण, पृयत्न -प्रयत्न, आन्तोलन -आन्दोलन, समग्राम -संग्राम

**इ. कोष्ठक में दिए गए शब्दों का सहीरूप लिखकर वाक्य पूरा करेंः-**

क. जीवन, ख. सदस्या, ग. सामाजिक, घ. बचपन, ङ. भारतीयों,

**ई. सही जोड़े बनाकर लिखेंः-**

| | | |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता -आज़ादी | भ्रमण - सैर | विश्व -दुनिया, |
| जागरूक -सावधान | संग्राम - लड़ाई | मानव -मनुष्य |

## 21. मामल्लपुरम

**अ. उत्तर लिखेंः-**

क. मामल्लपुरम आज भी किस के लिए विख्यात है?

मामल्लपुरम आज भी मूर्तिकला या शिल्पकला के लिए विश्व विख्यात है।



ख. यह प्रदेश का नाम मामल्लपुरम क्यों पड़ा?

पल्लवों का शासन काल में, पल्लव राजाओं की पदवी 'मामल्ल' हुआ करती थी। इसलिए इसका नाम मामल्लपुरम पड़ा।

**आ. पढ़ें, समझें और लिखेंः-**

| | | |
|---|---|---|
| शील | शीलवान | शीलवती |
| गुण | गुणवान | गुणवती |
| भाग्य | भाग्यवान | भाग्यवती |
| बल | बलवान | बलवती |
| सत्य | सत्यवान | सत्यवती |

**इ. नीचे दिए गए तालिका में से शब्द ढूँढ़कर उसके घेरा ($^{0}$) खींचें और नीचे दिए गए खाली जगह पर लिखेंः-**

सभ्यता, मंदिर, पथ, पल्लव,
देश, बन्दरगाह, उन्नति, रूप

**ई. पल्लव वंश के समय के शिल्प कला के बारे में लिखेंः-**

पल्लव वंश के समय में शिल्पकला ने बहुत उन्नति की थी। यहाँ के मन्दिर बताते हैं कि प्राचीन भारत की कला कितनी उन्नति प्राप्त कर दी थी। यहाँ के शिल्प चातुर्य देखने लायक हैं।